प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.11.2025/प्रादेशिक समाचार/0920 बजे

'' पहले मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहन्सवर्ग में जी–20 शिखर सम्मेलन को किया संबोधित–वैश्विक विकास के मानदंडों और प्राथमिकताओं पर पुर्नविचार और समावेशी सतत विकास का किया आह्वान।
- विधानसभा उपाध्यक्ष और रेणुका जी से विधायक विनय कुमार हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष नियुक्त।
- राज्य चुनाव आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव सामग्री उठाने के लिए नया शैडयूल किया जारी।
- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी–जनजातीय क्षेत्रों में तापमान जमाव बिंदु से नीचे।

पीएम–जी–20

जी–20 नेताओं का शिखर सम्मेलन आज दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में संपन्न होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र में भाग लेंगे। इसका विषय सभी के लिए एक निष्पक्ष और न्यायपूर्ण भविष्य – महत्वपूर्ण खनिज, सभ्य कार्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने कल शिखर सम्मेलन के पहले दिन विश्व के विकास के उद्देश्य से छह नई पहलों का प्रस्ताव रखा। इनमें वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार की स्थापना, अफ्रीका कौशल गुणक कार्यक्रम, वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया दल, नशीली दवाओं और आतंकवाद के गठजोड़ का मुकाबला करने की पहल, ओपन सैटेलाइट डेटा पार्टनरशिप और महत्वपूर्ण खनिज परिपत्र पहल शामिल हैं।

सम्मेलन के पहले दिन दो सत्रों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, ये पहल सभी के लिए विकास, प्रगति और कल्याण के लिए भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि इन पहलों से चहुमुखी विकास को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

विनय कुमार

विधानसभा उपाध्यक्ष और रेणुका जी से विधायक विनय कुमार हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष बन गए है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें हिमाचल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। इससे पहले विनय कुमार ने विधानसभा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया जिसे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने स्वीकार कर लिया। अधिक जानकारी के साथ हमारे जिला शिमला संवाद्दाता ................................45'

*विनय कुमार ने शनिवार को विधानसभा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने मंजूर भी कर लिया। इसके कुछ देर बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें हिमाचल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। हालांकि, विनय कुमार विधायक के पद पर बने रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर उनका नाम चल रहा था। विनय कुमार तीन बार के विधायक है। साल 2022 में निरंतर तीसरी बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। विनय से पहले उनके पिता ड्रॉ. प्रेम सिंह छह बार विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से नए अध्यक्ष को लेकर अटकलों का दौर चल रहा है लेकिन अब तक किसी का भी नाम फाइनल नहीं हो पाया था।*

मंत्रीमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रीमंडल की बैठक कल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में आगामी 26 नवबंर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र व इसमें लाए जाने वाले विधेयकों पर कैबीनेट मंजूरी देगी। इसके अलावा बैठक में सरकार के तीन साल के कार्यकाल को लेकर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। वहीं बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को मंजूरी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते है।

मुहिम

भारत सरकार के नशा मुक्त अभियान के तहत देशभर में नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ी गई है। इसी कड़ी में चंबा पुलिस ने एक कार्रवाई करते हुए एक परिवार के दो लोगों को चिट्टे व नकदी के साथ हिरासत में लिया है। चंबा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेष लखनपाल ने लोगों से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की जानकारी पुलिस के साथ साझा करने की अपील की है ताकि समाज को चिट्टे जैसी बुराई से मुक्त किया जा सके।

बाईट..................35''...अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेष लखनपाल

जीएसटी– कपड़े और जूते

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 22 सितंबर 2025 को दैनिक उपयोग की जरूरी वस्तुओं पर लगने वाले करों की दरें कम कर दी गईं। जीएसटी बचत उत्सव की शुरूआत के साथ की गयी इन घोषणाओं से देश भर के लोगों को फ़ायदा हो रहा है। कपड़ा और जूता निर्माण क्षेत्र में जीएसटी की नई दरें लोगों की कैसे मदद कर रही हैं। एक रिपोर्ट....................41'..........

चुनाव सामग्री

राज्य चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव सामग्री लेने के लिए नया शैडयूल जारी कर दिया है। आयोग ने सभी 12 जिलों में चुनाव सामग्री लेने के लिए तिथियां निर्धारित की है। अधिक जानकारी के साथ हमारी सहयोगी कौशल्या शर्मा......................35'........

*राज्य चुनाव आयोग ने चुनाव सामग्री लेने के लिए किन्नौर और कुल्लू जिला के लिए कल 24 नवबंर, सिरमौर और ऊना जिला के लिए 25 नवंबर, शिमला जिला को 26, कांगड़ा को 27, मंडी को 28, सोलन व चंबा को 29 जबकि बिलासुपर व हमीरपुर जिले के लिए एक दिसबंर की तिथि जारी की है। चुनाव आयोग ने चुनाव सामग्री ले जाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा है।*

*आयोग ने कहा है कि खासकर बैलेट पेपर को सरकारी वाहनों में सशस्त्र पुलिस की सुरक्षा साथ ले जाने और चुनाव होने तक कड़ी सुरक्षा में रखने के निर्देश दिए हैं।*

निशुल्क कोचिंग

किन्नौर जिला में सरकारी विद्यालयों के मेधावी छात्रों के लिए निशुल्क कोचिंग कक्षाएं शुरू की गई है। प्राथमिक शिक्षक संघ कल्पा खंड के सहयोग से शुरू हुई इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए नई शिक्षा नीति के तहत मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना है। अधिक ब्योरे के साथ हमारी किन्नौर संवाददाता.......

......................39'' *जिला किन्नौर में सरकारी विद्यालयों के मेधावी और इच्छुक विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं की शुरुआत कर दी गई है। पी.टी.एफ. कल्पा खंड के सहयोग से शुरू हुई इस पहल का शुभारंभ रिकांग पिओ के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में उच्च शिक्षा उपनिदेशक कुलदीप डोगरा और प्राथमिक शिक्षा उपनिदेशक अरुण गौतम ने किया। यह कोचिंग कक्षा 5 के विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय, ईएमआरएस, सैनिक स्कूल और मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करेगी। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन — दोनों माध्यमों में निःशुल्क मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।*

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम आमतौर पर शुष्क बना हुआ है। प्रदेश में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश के तीन क्षेत्रों का तापमान माइनस में दर्ज किया गया है जबकि कई बड़े शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से नीचे चला गया है। तापमान में भारी गिरावट के चलते जनजातीय इलाकों में जनजीवन प्रभावित होने लगा है। मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने और तापमान में गिरावट का क्रम जारी रहने की संभावना जताई है।

मजदूर संघ

भारतीय मजदूर संघ ने चार नई श्रम संहिताओं को लागू करने का स्वागत किया है। मजदूर संघ के राष्ट्रीय सचिव गिरीश आर्य ने कहा कि यह आज़ादी के बाद से श्रमिकों के पक्ष में किया गया सबसे बड़ा सुधार है। उन्होंने कहा कि इससे श्रमिक सशक्त होंगे और अनुपालन आसान होगा।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज सभी समाचार पत्रों ने हिमाचल कांग्रेस के नए अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की ख़बर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है– विनय कुमार बने हिमाचल कांग्रेस के अध्यक्ष, विधानसभा उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा। दैनिक जागरण, पंजाब केसरी का एक जैसा शीर्षक है–विनय कुमार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष–प्रतिभा की जगह लेंगे विनय, एक साल से नहीं हो पाया है कार्यकारिणी का गठन।

दैनिक भास्कर लिखता है–पंचायत चुनाव सामग्री उठाने को डीसी तैयार, आयोग ने जारी किया नया शेड्यूल।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी–बस के नीचे धंस गई सड़क, सवार हो रही बच्ची गड्डे में समाई। इसी पत्र की एक अन्य ख़बर है–ऊना गोलीकांड के आरोपियों को जल्द पहुंचाया जाए सलाखों के पीछे।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहन्सवर्ग में जी–20 शिखर सम्मेलन को किया संबोधित–वैश्विक विकास के मानदंडों और प्राथमिकताओं पर पुर्नविचार और समावेशी सत्त विकास का किया आह्वान।
- विधानसभा उपाध्यक्ष और रेणुका जी से विधायक विनय कुमार हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष नियुक्त।
- राज्य चुनाव आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव सामग्री उठाने के लिए नया शैडयूल किया जारी।
- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी–जनजातीय क्षेत्रों में तापमान जमाव बिंदु से नीचे।

........................................................................................................................................